हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
9 अक्तूबर 2023, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में, एशियाई खेलों में भाग लेने वाले भारतीय दल के खिलाड़ियों से मुलाकात करेंगे।
- केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने सभी सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण करने और उन्हें सशक्त बनाने का निर्णय लिया है।
- हरियाणा की विभिन्न उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समितियों की बैठक में एक हजार 645 करोड़ रूपये से अधिक की वस्तुओं की खरीद एवं ठेकों को मंजूरी दी गई।
- हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने कहा है कि बहुत जल्द अंबाला छावनी के लघु सचिवालय में शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की जायेगी।
- हरियाणा के पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा बीपीएल परिवारों की श्रेणी में बिजली बिल को लेकर 12 हजार रूपये प्रति माह की शर्त हटाने से गरीबों को बड़ी राहत मिली है।

..........................................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में, एशियाई खेलों में भाग लेने वाले भारतीय दल के खिलाड़ियों से बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित भी करेंगे। इस दौरान श्री मोदी, एशियाई खेलों में असाधारण उपलब्धि के लिए एथलीटों की सराहना करेंगे और भविष्य में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के लिए उनका उत्साहवर्धन करेंगे।
कार्यक्रम में एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल के एथलीट, उनके प्रशिक्षक, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी और राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे।
क़ाबिले ग़ौर है कि भारत ने एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण पदक सहित कुल 107 पदक जीते है।
जीते गए पदकों की कुल संख्या के मामले में एशियाई खेलों में यह, भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

..........................................................................

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की सहकारी समितियों तथा एक हज़ार,851 कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों के रजिस्ट्रार कार्यालयों का कम्प्यूट्रीकरण करने तथा उन्हें और सशक्त बनाने का निर्णय लिया है।

प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटियों की कम्प्यूट्रीकरण योजना की तर्ज पर तेरह राज्यों के कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों के कम्प्यूट्रीकरण के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना को मंजूरी दी गई है। राष्ट्रीय एकीकृत सॉफ्टवेयर और सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालयों के कम्प्यूट्रीकरण के माध्यम से ऐसा किया जाएगा। सहकारिता मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि एक केन्द्रीय निगरानी इकाई की स्थापना की जाएगी जो इस योजना के सफल कार्यान्वयन की दिशा में कार्य करेगी।

इस योजना पर कुल 225 करोड रुपये का खर्च आने का अनुमान है। मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के कार्यान्वयन से न केवल राज्यों के सहकारी विभागों तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों के कार्यालयों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं तक लोगों की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि इन कार्यालयों के कामकाज में पारदर्शिता एवं एकरूपता भी आएगी जिससे ये अधिक कारगर तरीके से काम कर पाएंगे और इससे समय की भी बचत होगी।

.....................................................................

आयुष्मान भव: अभियान के तहत एक माह से भी कम समय में तीन लाख से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के दौरान चलाया गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पहले सालाना केवल नौ लाख यूनिट रक्त एकत्रित होता था। स्वास्थ्य मंत्री ने मानवता की सेवा के लिए सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

.....................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति, उच्चाधिकार कार्य क्रय समिति और विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति की बैठक में 1 हजार 645 करोड़ रुपये से अधिक के ठेकों तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से भाव तोल करने के बाद दरें तय करके लगभग 29 करोड़ रुपये की बचत की गई है।

बैठक में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली और श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी मौजूद रहे।

उच्चाधिकार प्राप्त कार्य क्रय समिति की बैठक में हरियाणा पुलिस आवासीय निगम द्वारा हिसार की पुरानी पुलिस लाईन, (टाईप-।।) के 48 तथा (टाईप-।।।) के 24 तीन मंजिला मकान बनाने को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने, 63 केवीए ट्रांसफार्मर की खरीद, शुगरफेड के लिए पीपी बैग, भारतनेट परियोजना के तहत गांवों में फायबर इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए भी ठेको को मंजूरी दी गई। साथ ही, 2 हजार लीटर क्षमता की 36 सीवेज सफाई मशीनों की खरीद को मंजूरी दी गई ताकि इससे छोटी गलियों में जाकर सीवरेज की सफाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

बैठक में मंजूर किए गए ठेको में मुख्यतः हिसार-बालसमंद सड़क को चार मार्गीय बनाना, उचाना से लितानी सड़क का सुदृढ़ीकरण, जिला रेवाड़ी में सैनिक स्कूल, गोठरा में आवासीय भवनों का निर्माण, जिला गुरुग्राम के जमालपुर गांव में सीवरेज सुविधाएं प्रदान करने, सीवरेज शोधन संयंत्र व जलापूर्ति में सुधार तथा औद्योगिक विकास केंद्र, साहा के सेक्टर- 1, 2 व 3 में सड़कों का सुदृढ़ीकरण का कार्य शामिल है।

.......................................................................

आकाशवाणी चंडीगढ़ के समाचार सेवा प्रभाग द्वारा "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत अमृतकाल में शुरू की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आज का प्रश्न है:- किस महिला स्वतंत्रता सेनानी ने लखनऊ में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया?

प्रश्न एक बार फिर से सुन लें:- किस महिला स्वतंत्रता सेनानी ने लखनऊ में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया?

अपने उत्तर newsairchd@gmail.com पर तुरंत मेल करें।

कल पूछे गए प्रश्न का उत्तर है:- स्वतंत्रता सेनानी रामप्रसाद बिस्मिल का असली नाम राम प्रसाद सिंह तोमर था।

इस प्रश्न का सही उत्तर देने वाले हमारे विजेता हैं:- हरियाणा के फरीदाबाद से महेंद्र डागर।

.......................................................................

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा है कि बहुत जल्द अम्बाला छावनी के लघु सचिवालय में शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पद्म भूषण से सम्मानित प्रसिद्ध मूर्तिकार राम वी सुतार द्वारा भगत सिंह की प्रतिमा को तैयार कर लिया गया है।

आज: गृह मंत्री अनिल विज ने सचिवालय में अधिकारियों के साथ प्रतिमा स्थापित करने की जगह निर्धारित की। श्री विज ने बताया कि सचिवालय में जिस स्थान पर प्रतिमा लगेगी वह स्थान बाहर अलग-अलग दिशाओं से वाहन चालकों को आसानी से नजर आ सकेगा। गृह मंत्री

ने कहा कि प्रतिमा के समक्ष काफी खाली स्थान है और किसी आयोजन के दिन यहां सैकड़ों लोगों के बैठने की व्यवस्था भी आसानी से की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को प्रतिमा के पीछे दीवार पर देश का नक्शा बनवाने के निर्देश भी दिए गए है।
श्री विज ने बताया कि नगर परिषद द्वारा प्रतिमा के लिए नीचे आधार तैयार किया जाएगा। बाद में प्रतिमा को इसपर स्थापित किया जाएगा।

..........................................................................

हरियाणा के पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों की श्रेणी मे बिजली बिल को लेकर 12 हजार रूपये प्रति माह की शर्त हटाने से गरीब लोगों को बड़ी राहत मिली है।

आज जगाधरी में लोगों की समस्यायें सुनने के मौके पर श्री कंवरपाल ने कहा कि मौजूदा सरकार गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की भलाई एवं जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए योजनायें लागू कर रही है और ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता के साथ साथ लोगों को योजनाओं का लाभ भी पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी दी जा रही है जिससे मेहनत करने वाले युवाओं में विश्वास पैदा हुआ है। इसके अलावा तृतीया एवं चतर्थ श्रेणी की नौकरियों में साक्षात्कार समाप्त करके नौकरी देने में पारदर्शिता लाई गई है।

श्री कंवरपाल ने कहा कि समाज के वंचित लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए बिना सरकारी नौकरी वाले परिवारों के उम्मीदवारों को नौकरी के लिए अतिरिक्त 5 अंक प्रदान किये गए है, इस अवसर पर उन्होंने यमुनानगर व अन्य जिलों से आये लोगों की समस्यायें सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।

..........................................................................

हरियाणा में धान की खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है।
करलान से हमारे संवाददाता ने बताया है कि अनाज मंडी से अब तक 6 लाख 4 हजार क्विंटल धान खरीदी जा चुकी है। मार्किट कमेटी के सचिव जितेंद्र कुमार ने बताया है अब तक 4 लाख 12 हजार क्विंटल धान का उठान हो चुका है। धान की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है और खरीद होते ही किसानों को 72 घंटों के भीतर उनकी राशि का भुगतान किया जा रहा है।

उधर पंचकूला जिले की तीन मंडियों में अब तक 42 हजार 433 की खरीद होने की खबर है और 35 हजार 91 टन धान की खरीद का उठान भी कर लिया गया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने बताया कि हैफेड द्वारा पंचकूला, बरवाला एवं रायपुररानी अनाज मंडी से 2 हजार 400 टन धान का उठान किया गया।

..........................................................................

फतेहाबाद जिले में विभिन्न दिव्यांग जांच शिविरों के माध्यम से पंजीकृत किये गए 536 दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत अनुसार सहायक उपकरण दिये जायेंगे।

फतेहाबाद के उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर ने आज बताया कि दिव्यांगजनों को दिये जाने वाले उपकरणों पर एक करोड़ 10 लाख 80 हजार से अधिक राशि खर्च होगी, जो केंद्रीय सामाजिक प्याय एवं अधिकारिता मुत्रालय की दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण खरीदने बारे एडिप योजना के अंतर्गत कंपनी एलिम्को को उपकरणों की सूची भेज दी गई है और आने वाले समय में दिव्यांगजनों के लिए यह उपकरण उपलब्ध हो जायेंगे।

.........................................................................